# मैया जी के चरणों में ठिकाना चाहिए भजन लिरिक्स

मैया जी के चरणों में,
ठिकाना चाहिए,
बेटा जो बुलाए माँ को,
आना चाहिए।bd।

---

सुन लो ओ माँ के प्यारो,
तुम प्रेम से पुकारो
आएगी शेरावाली,
जगदम्बे मेहरावाली,
वो देर ना करेगी,
झोली सदा भरेगी,
पूरी करेगी आशा,
मिट जाएगी निराशा,
बिगड़े काम संवारे,
भव से वो सब को तारे,
श्रद्धा और प्रेम से,
बुलाना चाहिए,
बेटा जो बुलाए माँ को,
आना चाहिए।bd।

---

विनती सुनो हमारी,
ऐ मैया ओशिया वाली,
तेरे दर पे है सवाली,
जाना नहीं है खाली,
बैठे है डेरा डाले,
तेरे भक्त भोले भाले,
तेरे नाम के दीवाने,
आए है जा लुटाने,
मैया दीदार दे दो,
बच्चो को प्यार दे दो,
हीरे मोतियों का ना,
खजाना चाहिए,
बेटा जो बुलाए माँ को,
आना चाहिए।bd।

---

अकबर ने आजमाया,
ध्यानु ने भी बुलाया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ऐ राजरानी आओ,
अम्बे भवानी आओ,
जाए ना लाज मेरी,
सुन लो आवाज मेरी,
दरबार देखता है,
संसार देखता है
घोड़े का सर कटा है,
मेरा भी सिर झुका है,
गुरुर अभिमानी का,
मिटाना चाहिए,
बेटा जो बुलाए माँ को,
आना चाहिए।bd।

---

मैया जी के चरणों में,
ठिकाना चाहिए,
बेटा जो बुलाए माँ को,
आना चाहिए।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com